जन्में हैं कृष्ण कन्हैया

जन्मे है कृष्ण कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया हो,
देवकी के जन्मे कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया हो.....

नंद मगन मन मोतिया लुटावें,
रानी जसोमति झूलना झुलावें,
देखो बाज रही घर-घर शहनईया,
गोकुल में बाजे बधैया हो,
जन्मे है कृष्ण कन्हैया....

सुंदर मन हर रूप सलोना,
कृष्ण की छवि में है जादू औ टोना,
देखो बलदाऊ के हैं ये भैया,
गोकुल में बाजे बधैया हो,
जन्मे है कृष्ण कन्हैया....

गईया बछडुआ ये खूब कुलांचें,
गोपी ग्वाल मगन होई नाचे,
देखो घर-घर में ता ता थैया,
गोकुल में बाजे बधैया हो,
जन्मे है कृष्ण कन्हैया....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27976/title/janme-hai-krishna-kanhaiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |